आकाशवाणी श्री विजयपुरम

30.10.2024 समय : 1850

- आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन–आरोग्य योजना के तहत सत्तर वर्ष या उससे अधिक आयु के सभी वरिष्ठ नागरिकों को मुफ़्त चिकित्सा सुविधा प्रदान की जाएगी।
- लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के अवसर पर कल द्वीपसमूह में कार्यक्रमों के आयोजन किए गए हैं।
- रोशनी का पर्व दीपावली कल मनाया जाएगा।
- अबरडीन पुलिस थाना की टीम ने अंतरराज्यीय ड्रग रैकेट का भंडाफोड़ करते हुए आपूर्तिकर्ताओं की पूरी श्रृंखला को गिरफ्तार किया।
- महात्मा गांधी कॉलेज मायाबंदर में विभिन्न ट्रेडों में अल्पावधि कौशल विकास प्रशिक्षण का आयोजन किया जाएगा।

<><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कल आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन–आरोग्य योजना में विशेष व्यवस्था करते हुए सत्तर वर्ष या उससे अधिक आयु के सभी वरिष्ठ नागरिकों को मुफ़्त चिकित्सा सुविधाएं प्रदान करने का निर्णय लिया है। इसके माध्यम से सभी वरिष्ठ नागरिक चिकित्सा लाभ प्राप्त कर सकेंगे। श्री मोदी ने कहा कि वंचित वर्गों को चिकित्सा सहायता प्रदान करने के लिए उनकी सरकार ने आयुष्मान भारत योजना की शुरुआत की है। इस योजना के अंतर्गत सरकार गरीबों को अस्पताल में भर्ती होकर इलाज कराने के लिए पांच लाख रूपये तक की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराएगी। प्रधानमंत्री ने संतोष व्यक्त किया कि इस योजना से लगभग चार करोड़ गरीब परिवारों ने निशुल्क लाभ प्राप्त किया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि जब वे देशभर में आयुष्मान भारत योजना के लाभार्थियों से मिलते हैं, तो उन्हें संतोष होता है कि यह योजना प्रत्येक नागरिक के लिए वरदान सिद्ध हुई है। श्री मोदी ने कहा कि सत्तर वर्ष या उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिक इस योजना के अंतर्गत आयुष्मान वंदना कार्ड के माध्यम से चिकित्सा लाभ प्राप्त कर सकते है। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह कार्ड सबके लिए है, जिसमें आय के आधार पर गरीब, मध्यम तथा उच्च वर्ग के लोगों के बीच कोई भेदभाव नहीं है।

<><><><><><>

लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के अवसर पर कल द्वीपसमूह में कार्यक्रमों के आयोजन किए गए हैं। कल शाम साढ़े तीन बजे डूगोंग अतिथि गृह से फ्लैग प्वाइंट तक राष्ट्रीय दिवस परेड का आयोजन किया जाएगा। इसे देखते हुए कल दिन में ढाई बजे के बाद धर्मशाला, फ्लैग प्वाइंट, आर के मिशन और गर्ल्स स्कूल से किसी भी दिशा से वाहनों को आने–जाने की अनुमति नहीं होगी। फ्लैग प्वाइंट जाने वाले वाहनों को शादीपुर के रास्ते और आर के मिशन जाने वालों को मच्छी लाईन के रास्ते तक गर्ल्स स्कूल की ओर जाने वाले वाहनों को स्काउट हट से स्टेडियम मार्ग का उपयोग करना होगा। किसी भी वाहन को गर्ल्स स्कूल, धर्मशाला, जे एन आर एम और फ्लैग प्वाइंट में पार्क करने की अनुमति नहीं होगी।

उधर, खेल और युवा मामलों विभाग की ओर से कल सुबह छः बजे नेताजी स्टेडियम से राष्ट्रीय एकता दौड़ का आयोजन किया गया है। कल सभी कार्यालयों और स्थानीय निकायों में दिन में ग्यारह बजे राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ भी दिलाई जाएगी।

<><><><><><>

रोशनी का पर्व दीपावली कल मनाया जाएगा। इस सिलसिले में कल घरों में लक्ष्मी पूजन की जाएगी और धूमधाम से पर्व को मनाया जाएगा। दीपावली के पर्व को देखते हुए घरों को भी रोशनियों से सजाया गया है। रंग–रोगन किया गया है और बड़े पैमाने पर घरों और आस–पास के इलाकों में साफ–सफाई की गई है। रोशनी के इस पर्व को मनाने के लिए अंडमान निकोबार प्रदूषण नियंत्रण समिति की ओर से सावधानी बरतने के संबंध में परामर्श जारी किया गया है।

रात्रि आठ बजे से लेकर दस बजे तक ही आतिशबाज़ी की अनुमति दी गई है। लोगों से कम धुंए वाले तथा हरित पटाखों को जलाने को कहा गया है। भारी आवाज़ वाले पटाखों को न जलाने तथा अस्पतालों, शैक्षणिक संस्थानों और प्रार्थना स्थलों पर पटाखे न जलाने को कहा गया है। सड़कों पर पटाखे न जलाने तथा खुले में इसका उपयोग करने को कहा गया है। चलते वाहनों पर भी पटाखे नहीं फेंकने को कहा गया है।

<><><><><><><>

अबरडीन पुलिस थाना की टीम ने अंतरराज्यीय ड्रग रैकेट का भंडाफोड़ करते हुए आपूर्तिकर्ताओं की पूरी श्रृंखला को गिरफ्तार किया और इनके पास से दो किलो एक सौ चालीस ग्राम गांजा बरामद हुआ। थाना प्रभारी विशाल राम के नेतृत्व में पुलिस टीम ने एक आरोपी के पास से गांजा ज़ब्त किया। पूछताछ में पश्चिम बंगाल के दक्षिण चौबीस परगना के मुख्य आपूर्तिकर्ता का नाम आया, जिसने श्री विजयपुरम में रहते हुए एक स्थानीय वितरक का नाम उजागर किया।

उधर, पहाड़गांव पुलिस ने करीब दो किलो गांजा ज़ब्त करते हुए पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। सूचना के आधार पर अट्ठाईस अक्तूबर को पुलिस ने जोड़ाकिलान के पास छापेमारी की और तीन लोगों को किलो सात सौ पचहत्तर ग्राम गांजे के साथ गिरफ्तार किया। थाना प्रभारी मोहम्मद इलियास के नेतृत्व में छापामारी में पकड़े गए लोगों से पूछताछ में दो अन्य लोगों को गिरफ्तार किया गया और इनके पास से डेढ़ सौ ग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ।

<><><><><><><>

पुलिस स्मृति दिवस, राष्ट्रीय एकता दिवस और पुलिस झंडा दिवस के सिलसिले में निकोबार ज़िला पुलिस की ओर से सभी पुलिस थानों में कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार निकोबार, कच्छाल और तेरेसा पुलिस थानों में वॉलीबॉल मैच का आयोजन किया गया। इसके अलावा कैम्पबेल बे सहित अन्य पुलिस थानों में स्वच्छता और वृक्षारोपण अभियान चलाया गया। सिगरेट और तम्बाकू के दुष्परिणामों तथा नशाखोरी से होने वाले नुकसान के बारे में लोगों को शिक्षित करने के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। स्कूली विद्यार्थियों को गुड टच–बैड टच के बारे में जानकारी दी गई। विद्यार्थियों के पुलिस स्टेशनों का दौरा कराया गया और पुलिस की कार्रवाई के बारे में उन्हें जानकारी दी गई।

<><><><><><><>

महात्मा गांधी कॉलेज मायाबंदर में विभिन्न ट्रेडों में अल्पावधि कौशल विकास प्रशिक्षण का आयोजन किया जाएगा। सिलाई, कम्प्यूटर और शॉर्ट हैंड इंस्ट्रक्टर के पदों के लिए कॉलेज की ओर से विशेषज्ञ प्रशिक्षुओं की नियुक्ति की जाएगी, जो उम्मीदवारों को प्रशिक्षण प्रदान कर सके। ऐसे प्रशिक्षकों के लिए मानदेय भी निर्धारित किया गया है। कम्प्यूटर इंस्ट्रक्टर के लिए आयु सीमा चालीस वर्ष निर्धारित की गई है और चयनित इंस्ट्रक्टर को तीस हजार रूपये का मानदेय दिया जाएगा। टेलरिंग और शॉर्ट हैंड इंस्ट्रक्टर के लिए भी आयु सीमा चालीस वर्ष होगी और इन्हें पच्चीस–पच्चीस हजार रूपये का मानदेय मिलेगा। आवेदन फार्म कॉलेज और प्रशासन की वेबसाइट से डाउनलोड कर इसे बीस नवम्बर की शाम चार बजे तक कॉलेज में जमा करने को कहा गया है।

<><><><><><><>

युवाओं को नशाखोरी और अन्य मादक पदार्थों के सेवन से होने वाले नुकसान के बारे में जानकारी देने के लिए नेहरू युवा केन्द्र कार निकोबार की ओर से कल आई टी आई एरोंग के कार्यशाला हॉल में जागरूकता और शैक्षिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी एस. पार्वती के अलावा शारीरिक शिक्षक निकोलस, पुलिस विभाग की मरियम और सी डी पी ओ कार्यालय के वी. उदय रतनम ने विद्यार्थियों को विभिन्न विषयों पर जानकारी देते हुए नशामुक्त समाज बनाने में उनसे सहयोग देने का अनुरोध किया। एन वाई के के उप–निदेशक अलफोंस टोप्पो ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

<><><><><><><>

केन्द्रीय विद्यालय नम्बर दो के विद्यार्थियों को विभिन्न प्रकार के शोध के बारे में जानकारी देने के लिए इनके लिए क्यारी का अध्ययन दौरा आयोजित किया गया। एक सौ से अधिक विद्यार्थियों को क्यारी में समन्वित कृषि प्रणाली, मत्स्यकी और फसल विज्ञान गतिविधियों की जानकारी दी गई। वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. टी. सुब्रहमणि ने जैविक कृषि, वाटर शेड प्रबंधन के बारे में बताया। अन्य वैज्ञानिकों ने अपने–अपने क्षेत्र के बारे में विद्यार्थियों को जानकारी दी। वैज्ञानिक डी. करूणाकरन ने द्वीपों में कृषि को बढ़ावा देने के लिए क्यारी की भूमिका पर प्रकाश डाला।

<><><><><><><>